# NAVNEXRISE

NAVNEXRISE
RISE WITH EXCELLENCE

## NATIONAL SCHOLARSHIP EXAMINATION (NNSE)

## ऑनलाईन परीक्षा नियमावली

(Official Online Examination Rule Book)

संस्करण 1.0

### 1 परीक्षा का स्वरूप

- परीक्षा पूर्णतः ऑनलाइन आयोजित की जाएगी।
- परीक्षा बहुविकल्पीय प्रश्नों (MCQ) पर आधारित होगी।
- प्रत्येक अभ्यर्थी केवल एक बार परीक्षा दे सकेगा।
- परीक्षा निर्धारित तिथि एवं समय पर ही उपलब्ध रहेगी।

### 2 पात्रता

- कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थी परीक्षा में भाग ले सकते हैं।
- CBSE, ICSE, RBSE तथा सभी मान्यता प्राप्त राज्य बोर्डों के विद्यार्थी पात्र हैं।

### 3 परीक्षा पैटर्न

| कुल प्रश्न | कुल अंक | समय |
|---|---|---|
| 60 | 100 | 45 मिनट |

| नेगेटिव मार्किंग | भाषा |
|---|---|
| नहीं | हिंदी एवं अंग्रेज़ी |

### 4 लॉगिन प्रक्रिया

- प्रत्येक विद्यार्थी को एक रोल नंबर एवं पासवर्ड/OTP प्रदान किया जाएगा।
- परीक्षा प्रारंभ होने से कम से कम 15 मिनट पहले लॉगिन करें।
- लॉगिन करने के बाद अपनी व्यक्तिगत जानकारी अवश्य जाँचें।
- गलत जानकारी होने पर तुरंत हेल्पडेस्क से संपर्क करें।

### 5 तकनीकी आवश्यकताएँ

- मोबाइल, लैपटॉप, डेस्कटॉप या टैबलेट का उपयोग किया जा सकता है।
- Google Chrome, Microsoft Edge या अन्य अद्यतन ब्राउज़र का उपयोग करें।
- स्थिर इंटरनेट कनेक्शन आवश्यक है।
- डिवाइस की बैटरी पर्याप्त हो या चार्जर लगा हो।
- परीक्षा के दौरान ब्राउज़र को बंद, रिफ्रेश या बैक नहीं करें।

### 6 परीक्षा प्रारंभ करने से पहले

- शांत एवं पर्याप्त रोशनी वाले स्थान पर बैठें।
- इंटरनेट की गति जाँच लें।
- अन्य सभी ऐप्स एवं अनावश्यक टैब बंद कर दें।
- मोबाइल की नोटिफिकेशन बंद रखें।
- परीक्षा प्रारंभ होने के बाद निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।

### 7 परीक्षा के दौरान

- प्रत्येक प्रश्न ध्यानपूर्वक पढ़कर उत्तर दें।
- किसी प्रश्न को छोड़कर बाद में वापस आ सकते हैं (यदि प्लेटफॉर्म यह सुविधा देता है)।
- समय समाप्त होने पर परीक्षा स्वतः सबमिट हो जाएगी।
- परीक्षा के दौरान स्क्रीन बदलना, बार-बार टैब बदलना या अनुचित गतिविधि करना नियमों का उल्लंघन माना जा सकता है।

### 8 निषिद्ध गतिविधियाँ

- किसी अन्य व्यक्ति से सहायता लेना।
- एक से अधिक डिवाइस से लॉगिन करना।
- प्रश्नों के स्क्रीनशॉट लेना या रिकॉर्डिंग करना।
- प्रश्नपत्र को सोशल मीडिया पर साझा करना।
- परीक्षा के दौरान AI टूल, चैटबॉट, स्क्रीन-शेयरिंग या अन्य अनधिकृत डिजिटल साधनों का उपयोग करना।
- किसी भी प्रकार की अनुचित या भ्रामक गतिविधि करना।

### 9 तकनीकी समस्या

- इंटरनेट बाधित होने पर तुरंत पुनः लॉगिन करने का प्रयास करें (यदि प्लेटफॉर्म अनुमति देता है)।
- किसी तकनीकी समस्या की स्थिति में केवल आधिकारिक हेल्पडेस्क से संपर्क करें।
- परीक्षा समाप्त होने के बाद प्राप्त शिकायतों का निस्तारण उपलब्ध तकनीकी लॉग के आधार पर किया जाएगा।

### 10 परिणाम

- परिणाम केवल आधिकारिक वेबसाइट पर घोषित किए जाएंगे।
- परिणाम रोल नंबर/पंजीकरण संख्या के माध्यम से देखे जा सकेंगे।
- ऑल इंडिया रैंक, राज्य रैंक, जिला रैंक एवं स्कूल रैंक (यदि लागू हो) जारी की जा सकती है।

### 11 छात्रवृत्ति एवं पुरस्कार

योग्य विद्यार्थियों को परीक्षा परिणाम के आधार पर छात्रवृत्ति, प्रमाण-पत्र, मेडल एवं अन्य पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। पुरस्कारों का अंतिम विवरण प्रत्येक परीक्षा सत्र की आधिकारिक छात्रवृत्ति नीति के अनुसार होगा।

### 12 परीक्षा प्राधिकरण के अधिकार

- परीक्षा तिथि या समय में आवश्यक परिवर्तन करना।
- नियमों में संशोधन करना।
- अनुचित साधनों का उपयोग पाए जाने पर परीक्षा निरस्त करना।
- किसी भी विवाद पर अंतिम निर्णय लेना।

### 13 घोषणा

NAVNEXRISE National Scholarship Examination का उद्देश्य विद्यार्थियों की शैक्षणिक क्षमता, तार्किक सोच, सामान्य ज्ञान, विश्लेषणात्मक कौशल एवं समग्र प्रतिमा का निष्पक्ष एवं पारदर्शी मूल्यांकन करना है।

**NAVNEXRISE Examination Authority का निर्णय सभी मामलों में अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।**

© NAVNEXRISE National Scholarship Examination (NNSE)